आकाशवाणी भोपाल

शाम के समाचार

23.04.2024 7.10 PM

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार....

- लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में राज्य के 6 लोकसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को होगा मतदान, कल थम जाएगा चुनाव प्रचार ।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सागर और हरदा में सभाओं के बाद भोपाल में करेंगे रोड शो ।
- बोर्ड पैटर्न पर हुई 5वीं और 8वीं की परीक्षाओं के परिणाम घोषित।
- प्रदेश में छिंदवाड़ा सहित कई जिलों में आंधी और बारिश, ओले भी गिरे ।

लोकसभा मतदान

लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में प्रदेश के 6 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 26 अप्रैल को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होगा. इन क्षेत्रों में कल शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा। दूसरे चरण में टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद में मतदान होना है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घण्टे से पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है।

प्रचार-प्रसार समाप्त होने की समय-सीमा के बाद बाहरी क्षेत्र के व्यक्तियों को, जो उस लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदाता नहीं हैं, उन्हें वह निर्वाचन क्षेत्र छोड़ना होता है। इसके लिए सघन निगरानी अभियान चलाया जाता है।

प्रधानमंत्री मप्र दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। श्री मोदी कल सागर और हरदा में सभा करने के बाद भोपाल में रोड शो करेंगे। यह रोड-शो करीब एक किलोमीटर का होगा.

श्री मोदी कल दोपहर 12 बजे सागर लोकसभा क्षेत्र में पहुंचेंगे और यहां बड़तूमा में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद प्रधानमंत्री बैतूल लोकसभा क्षेत्र में आने वाले हरदा जिले में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद शाम सात बजे प्रधानमंत्री भोपाल पहुंचेंगे

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि श्री मोदी मालवीय नगर स्थित तिराहे से खुले रथ पर सवार होकर मेजर नानके पेट्रोल पंप तिराहा तक पहुंचेंगे।

उन्होंने बताया कि रोड-शो के दौरान लगभग 200 मंच स्थलों से प्रधानमंत्री का स्वागत किया जाएगा। इस दौरान कलाकार, साधु- संत सहित अलग-अलग वर्गों के लोग श्री मोदी का स्वागत करेंगे।

सी-विजिल एप

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दौरान सी-विजिल एप पर 3 हजार 757 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इन सभी शिकायतों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुमप राजन ने बताया कि मुख्य रूप से ग्वालियर में 381, सागर में 295, उज्जैन में 257, दमोह में 224 और मुरैना में 184 शिकायतें प्राप्त हुई हैं। प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस प्रकार की शिकायतें मिली हैं।

श्री राजन ने बताया कि नागरिक को आचरण संहिता के उल्लंघन से जुड़ी किसी भी घटना की जानकारी होने पर फोटो या वीडियो "सी-विजिल एप" पर अपलोड करना होगा। शिकायत मिलने पर अगले 100 मिनट में कार्रवाई की जाएगी।

जनता की आवाज-आकाशवाणी के साथ

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी मध्यप्रदेश द्वारा लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए 'जनता की आवाज- आकाशवाणी के साथ' नामक एक ख़ास कार्यक्रम शुरू किया गया है... इसमें हम आम लोगों द्वारा वोट डालने के लिए की जा रही अपील को शामिल कर रहे हैं, जिससे अन्य श्रोता भी मतदान के लिए प्रेरित हो। आप भी अपनी आवाज़ में मतदान के महत्व पर केन्द्रित अधिकतम 40 सेकेण्ड का एक

बढ़िया सा वीडियो सन्देश रिकार्ड करिए और हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और निवास स्थान के नाम के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को प्रतिदिन समाचारों के साथ प्रसारित करेंगे...और हाँ, आप भी मतदान अवश्य करिए।

परीक्षा परिणाम

स्कूल शिक्षा विभाग ने बोर्ड पैटर्न पर हुई 5वीं और 8वीं की परीक्षा का रिजल्ट घोषित कर दिया है। इन दोनों परीक्षाओं में करीब 24 लाख विद्यार्थी शामिल हुए थे। 5वीं की बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन 6 से 13 मार्च और कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षाएं 6 से 14 मार्च तक आयोजित की गई थीं।

कक्षा पांचवी का परिणाम 90 दशमलव 9-7 फीसदी रहा है। इसमें सरकारी स्कूल का 91 दशमलव 5-3 और निजी स्कूल का परीक्षा परिणाम 90 दशमलव 1-8 फीसदी रहा है। मदरसों का परिणाम 73 दशमलव 2-6 फीसदी रहा है। कक्षा आठवीं का रिजल्ट 87 दशमलव 7-1 फीसदी रहा है। सरकारी स्कूल का 86 दशमलव 2-2 फीसदी प्रायवेट स्कूल 90 दशमलव 6-0 फीसदी और मदरसा के 67 दशमलव 4-0 फीसदी छात्रों ने बाजी मारी है।

मतदाता जागरूकता

प्रदेश भर में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं.नर्मदापुरम विधान सभा के मतदान केन्द्र क्रमांक 24 में मतदाताओं को जागरूक करने के लिये ग्राम पंचायत के प्रशासनिक अमले की ओर से रैली निकाली गई। इस दौरान परिवारों से संपर्क कर 26 अप्रैल को मतदान की अपील की गयी । गुना में होम वोटिंग के लिए गठित मतदान दलों का प्रशिक्षण कल से शासकीय पीजी कॉलेज के सेमीनार हॉल में आयोजित किया जायेगा।

धार- महू लोकसभा से भाजपा अधिकृत प्रत्याशी श्रीमती सावित्री ठाकुर ने आज अपना नामांकन पत्र जमा किया । वही कांग्रेस प्रत्याशी राधेश्याम मुवेल कल अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

नीमच में मुख्य डाकघर के बाहर हस्ताक्षर अभियान और सेल्फी पांइट का शुभारंभ सीएम राइज प्राचार्य किशोर सिंह जैन ने किया।

शिवपुरी जिले में मतदाता जागरूकता के लिए 25 अप्रैल को सांय 7 बजे से तात्याटोपे प्रागंण में एक शाम मतदाता के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

देवास जिले में शासकीय महाविद्यालय टोंकखुर्द के विद्यार्थियों एवं स्टॉफ द्वारा "रन फॉर डेमोक्रेसी" का आयोजन कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया .

आगरमालवा नगर पालिका के तत्वावधान में बड़ौद रोड़ चौराहे पर आयोजित किये गये मतदाता शपथ कार्यक्रम मे बैंककर्मियों एवं आम नागरिकों को नैतिक मतदान की शपथ दिलाई गई।

छतरपुर जिले में जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. ने लवकुशनगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से मतदाता जागरूकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

<u>नड्डा प्रदेश प्रचार</u>

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज प्रदेश के दौरे पर थे । उन्होंने कई चुनावी सभाओं को संबोधित किया. रीवा में सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, हर चुनाव में लोकलुभावने वादे करना और उसके बाद भुला देना कांग्रेस की नीति है। सारे परिवार की पार्टियां इकट्ठी हो गई है। इनको मैं, मेरा बेटा, बेटी और दामाद के बाहर कुछ नहीं दिखता।

मजबूत सरकार की जरुरत बताते हुए श्री नड्डा ने कहा कि 10 साल पहले आप ही कहते थे कि कोई बदलाव नहीं आएगा। लेकिन आप लोग ही कह रहे हैं कि देश बदल चुका है। विकसित भारत के लिए हमें स्थिर, मजबूत और निर्णायक सरकार की जरूरत है।

वहीँ, टीकमगढ़ में चुनावी सभा में श्री नड्डा ने कहा कि कांग्रेस ने न अंतरिक्ष छोड़ा, न आसमान छोड़ा, न समुद्र छोड़ा और न धरती छोड़ी। इन लोगों ने तीनों लोक में घोटाले किए हैं। श्री नड्डा 21 दिन में तीसरी बार प्रदेश के दौरे पर आए थे।

मौसम

प्रदेश में मौसम के तेवर बदले हुए हैं. छिंदवाड़ा में आंधी-बारिश के साथ ओले गिरे। मौसम विभाग के अनुसार बैतूल, पांढुर्ना, सिवनी, मंडला, डिंडोरी, मऊगंज में बिजली चमकने के साथ मध्यम तूफान आ सकता है। ओले भी गिर सकते हैं। रीवा, सतना के चित्रकूट, शहडोल, जबलपुर, मैहर, उमरिया, अनूपपुर, बालाघाट, सीधी और सिंगरौली जिलों में बिजली गिरने के साथ हल्की गरज के साथ बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ सहित विभिन्न मौसमीय कारणों से पिछले 4 दिन से प्रदेश के कई जिलों में बारिश हो रही है, जो 25 अप्रैल तक होती रहेगी।

समाचार संक्षेप में....

1. नीमच में जनपद पंचायत मनासा की सभी 102 ग्राम पंचायत में पर्यावरण संरक्षण एवं मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सिंगल यूज प्लास्टिक को एकत्रित कर, स्वच्छता की शपथ दिलाई।
2. बैतूल में चुनाव आब्जर्वर प्रदीप ठाकुर ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रत्याशी और प्रतिनिधियों से ईव्हीएम के रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के दौरान कहा कि निष्पक्ष, पारदर्शी एवं स्वतंत्र मतदान के लिए आपके सहमत होने तक रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया दोहराई जाएगी।
3. प्रदेश भर में हनुमान जयंती पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की जा रही है. भंडारे और शोभायात्रा जैसे आयोजन भी हुए. जबलपुर, डिंडोरी, देवास, बैतूल, मुरैना, नीमच जिलों में भी विशेष आयोजन हो रहे हैं.
4. मंडला में आज फिर मौसम फिर बदल गया। गरज चमक के साथ तेज बारिश हुई है और हल्की ओलावृष्टि भी हुई।

----------------------------